# कमेंट से परेशान छात्रा ने लगाया फंदा

जयपुर। जयपुर में एक स्कूली छात्रा ने अपने क्लास के छात्रों के कमेंट से परेशान होकर फंदा लगा लिया। छात्रा के स्कूल में बनाए गए वीडियो पर साथी छात्र गंदे कमेंट कर रहे थे, जिससे परेशान होकर छात्रा ने फंदा लगा लिया। घरवालों ने उसे गंभीर हालत में **SMS** हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के बाद बुधवार को उसे छुट्टी दे दी गई। पीड़ित छात्रा के पिता ने प्रताप नगर थाने में क्लासमेट के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मामले की जांच **SHO** (प्रताप नगर) जहीर अब्बास कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया- करौली के रहने वाले व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया- वह निजी कंपनी में काम करते हैं और परिवार के साथ सीतापुरा में किराए के मकान में रहते हैं। उनकी 16 साल की बेटी 12वीं क्लास में पढ़ती है। 31 अक्टूबर को उनकी बेटी स्कूल में पढ़ने गई थी। लंच के दौरान खाना खाते समय साथी क्लासमेट ने नाबालिग बेटी का मोबाइल में वीडियो बना लिया और अपने दोस्तों के साथ मिलकर वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया। उन लोगों ने वीडियो पर गंदे कमेंट भी किए। पीड़िता के पिता ने बताया- 1 नवंबर की दोपहर को नाबालिग बेटी ने सोशल मीडिया पर खुद का वीडियो देखा। गंदे कमेंट के साथ बनाए वीडियो को देखकर नाबालिग बेटी परेशान हो गई और दोपहर करीब 3 बजे अपने कमरे में चुन्नी का फंदा लगा लिया। इस दौरान घर में खेलते हुए बच्चे कमरे में पहुंचे तो उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर उसकी बहन दौड़कर आई और उसे तुरंत नीचे उतारा। इसके बाद उनको फोन कर नाबालिग बेटी के फंदा लगाने के बारे में बताया।

# प्रजापत समाज ने भाजपा को दिया समर्थन, युवाओ को अफवाहो पर ध्यान नही देने के लिए किया सतर्क

प्रभात अभिनन्दन न्यूज



फुलेरा, 16 नवम्बर (राजकुमार देवाल)। विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निर्मल कुमावत को विधानसभा स्तर पर नरेना, श्रीरामपुरा,तेजा का बास,आष्ठी की ढाणी,खंडेल, सिनोदिया, किशनगढ़ रेनवाल, भोजपुरा, भैसलाना, सांभर लेक, पीपली का बास, जेतपुरा सहित अनेक ग्राम और कस्बों सहित सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र से प्रजापत समाज ने भारी संख्या में दिया समर्थन एवं आशीर्वाद। प्रजापति समाज के शिरोमणि जिनमे नंदकिशोर खटोड़, गोविंदराम प्रजापत , लक्ष्मण प्रजापत , बाबूलाल प्रजापत , छोटेलाल प्रजापत ,मदनलाल सरस्वा, चिरंजीलाल प्रजापत, तेजा का बास, रामपाल , प्रभु दयाल ,गौरीशंकर आष्ठी की ढाणी, गोवर्धन रामपुरा, शंकर लाल खटोड़,हरिनारायण खटोड़, जुगल किशोर कैलाश ,कानाराम जी खंडेल,कल्याण ,लक्ष्मी नारायण खटोड़ , मदनलाल होदकाश्या,विजय कुमार माचीवाल,कालूराम सिनोदिया,जय नारायण रेनवाल,बनवारी लाल मारवाल, ओमप्रकाश ,विनोद, प्रकाश भोजपुरा, प्रकाश भैंसलाना, पौंड्रिक सांभर लेक, विजय कुमार प्रजापत पूर्व वाइस चेयरमैन सांभर लेक,रामजी भाई सांभर लेक, श्रीराम पीपली का बास, प्रभु हलवाई जैतपुरा, सुरेंद्र,बजरंग लाल सहित काफी संख्या में उपस्थित युवाओ ने भाजपा प्रत्यासी निर्मल कुमावत का मुंह मीठा करवाकर, पुष्पहार और साफा पहनाकर फुलेरा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान विधायक निर्मल कुमावत का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि विगत दिनों से विरोधी दल के लोगो द्वारा सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र एवं अफवाह फैलाकर प्रजापत समाज को भाजपा से दूर बताया जा रहा है,जबकि सम्पूर्ण फुलेरा विधानसभा का प्रजापति समाज परंपरागत रूप से सदैव भाजपा से जुड़ा हुआ था,जुड़ा हुआ है और जुड़ा हुआ रहेगा। इसकी पुष्टि निर्मल कुमावत के नामांकन भरने के दिन भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की उपस्तिथि में प्रजापति समाज के ,पूर्व प्रधान झोटवाड़ा भेरुलाल प्रजापत ने 4 नवंबर को ही मंच से संबोधित करते हुए तन मन धन से प्रजापति समाज द्वारा निर्मल कुमावत को समाज का मत, समर्थन एवं आशीर्वाद प्रदान किया था । सभी प्रजापत समाज बंधुओ से अपील है कि किसी भी समाज कंटक के बहकावे में नहीं आवे तथा आगामी विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से प्रदेश में बनने जा रही भाजपा की सरकार से ताल से ताल मिलाते हुए फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से निर्मल कुमावत को भारी मतों से जिताने की अपील की।कार्यक्रम समापन पर भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक निर्मल कुमावत ने प्रजापती समाज द्वारा समर्थन देने की घोषणा करने पर आभार व्यक्त किया । इसी तरह ग्राम काचरोदा मे भाजपाईयो ने स्कूल की ढाणी,ढाणी नागान मे जनसंपर्क कर भाजपा को वोट देने की अपील की।

# चिदंबरम ने कहा- तेलंगाना आंदोलन के दौरान लोगों की मौत पर हमें दुख है

हैदराबाद, 16 नवंबर (वेब वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने अलग तेलंगाना राज्य बनाने के लिए हुए आंदोलन के दौरान लोगों की मौत पर बृहस्पतिवार को दुख जताया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यहां मीडियाकर्मियों से बातचीत में यह भी कहा कि अलग राज्य बनाना या किसी राज्य को विभाजित करना बच्चों का खेल नहीं है और जन आंदोलन के परिणामस्वरूप ऐसा होता है।



तेलंगाना राज्य के गठन में पूर्ववर्ती संप्रग सरकार की ओर से हुई देरी की वजह से लोगों की जान जाने के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के आरोपों पर चिदंबरम ने कहा, ''आत्महत्या एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। अगर जन आंदोलन में कुछ लोगों की जान चली गई तो हमें इसका दुख है। लेकिन आप इसके लिए तत्कालीन केंद्र सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते।'' हालांकि, कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव नीत बीआरएस सरकार में आत्महत्या के 4,000 से अधिक मामले सामने आए हैं।

उन्होंने कहा कि इन आत्महत्याओं के लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने पूछा, ''जिस तरह मूल आंध्र प्रदेश बनाया गया था, उस तरह के आंदोलन के बाद कोई राज्य बनता है। जन आंदोलन की प्रतिक्रिया में राज्य को विभाजित किया गया। अगर कुछ लोगों की मौत हुई तो हमें इसका दुख हैं। लेकिन केसीआर सरकार के दौरान तेलंगाना में 4,000 आत्महत्याओं का क्या?'' चिदंबरम ने कहा कि आंदोलन के दौरान राव एक प्रभावशाली नेता बनकर उभरे थे और इसलिए वह आज मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि केसीआर ऐसा कुछ नहीं कह रहे कि लोगों को इससे कोई लेनादेना नहीं है और तेलंगाना मैंने बनाया। अगर वह ऐसा कह रहे हैं तो जनता उन्हें चुनाव में जवाब देगी।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अत्यधिक परिश्रम के बाद कांग्रेस तेलंगाना को अलग राज्य बनाने पर सहमत हुई थी और उन्होंने 9 दिसंबर, 2009 को इसकी घोषणा की थी जिसके बाद इस मुद्दे पर अनशन कर रहे चंद्रशेखर राव ने अपनी हड़ताल समाप्त की थी।

चिदंबरम ने कहा, ''उन्होंने (केसीआर ने) हमें बहुत धन्यवाद दिया। लेकिन, एक और आंदोलन छिड़ गया। और न्यायमूर्ति श्रीकृष्ण आयोग की नियुक्ति की गई, जिसने छह सिफारिशें दीं। आखिरकार, कांग्रेस पार्टी और केंद्र सरकार संयुक्त आंध्र प्रदेश को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में विभाजित करने पर सहमत हो गए।''

# पाकिस्तान-चीन के सी-गार्डियन अभ्यास पर भारत की आईओआर में पैनी नजर

*चीनी पनडुब्बी सहित कई जहाजों की कराची में डॉकिंग नई दिल्ली के लिए चिंता का विषय*

*भारत-अमेरिका के बीच टू प्लस टू वार्ता के बाद बीजिंग ने आईओआर में उपस्थिति बढ़ाई*

नई दिल्ली, 16 नवंबर (वेब वार्ता)। पाकिस्तान और चीन की नौसेनाओं के बीच अरब सागर में चल रहे अभ्यास सी-गार्डियन पर भारतीय नौसेना की पैनी नजर है। पाकिस्तानी नौसेना के साथ अभ्यास में भाग लेने वाले चीनी जहाजों और पनडुब्बियों के हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में प्रवेश करने के समय से लेकर मलक्का जलडमरूमध्य तक उनकी गतिविधियों पर नजर रख रही है। इस अभ्यास के हिस्से के रूप में एक पनडुब्बी सहित कई जहाजों को कराची बंदरगाह पर खड़ा किया गया है। यह गतिविधि ऐसे समय में हुई है, जब बीजिंग ने क्षेत्र में अपनी समुद्री उपस्थिति बढ़ा दी है। पाकिस्तान और चीन अरब सागर में अपने नौसैनिक अभ्यास सी गार्डियन का तीसरा संस्करण आयोजित कर रहे हैं। इस अभ्यास में चीन और पाकिस्तान पहली बार संयुक्त समुद्री गश्त भी करेंगे। दोनों देशों की नौसेनाओं के अनुसार यह दोनों देशों के बीच अब तक का सबसे बड़ा संयुक्त अभ्यास है। कराची नौसेना डॉकयार्ड में एक उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ यह अभ्यास शुक्रवार तक जारी रहेगा। यह अभ्यास नई दिल्ली में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता होने के ठीक बाद शुरू किया गया है। इस वार्ता के दौरान हिंद-प्रशांत में समुद्री सुरक्षा पर व्यापक चर्चा की गई थी। इस अभ्यास में दोनों नौसेनाएं गठन युद्धाभ्यास, वीबीएसएस (यात्रा, बोर्ड, खोज और जब्ती), हेलीकॉप्टर क्रॉस-डेक लैंडिंग, संयुक्त खोज और बचाव, संयुक्त पनडुब्बी रोधी और मुख्य बंदूक शूटिंग के साथ ही प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग लेंगी। चीनी नौसेना ने सी-गार्जियन-3 अभ्यास के लिए कराची में गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक, दो आधुनिक फ्रिगेट, एक पारंपरिक हमला पनडुब्बी और एक पनडुब्बी सहायता जहाज तैनात किया है। सबसे बड़े और सबसे सक्षम विध्वंसक में से एक माना जाने वाला ज़िबो दुश्मन के जहाजों के साथ-साथ विमानों और यहां तक कि पानी के नीचे वस्तुओं पर भी हमला करने की क्षमता रखता है। अभ्यास के लिए चीन का व्यापक आपूर्ति जहाज कियानंदा ओहू भी कराची में खड़ा है। इसके अलावा एक टाइप 039 डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को सी गार्डियन-3 अभ्यास के हिस्से के रूप में कराची में डॉक किया गया है। पाकिस्तान की ओर से पीएनएस शाहजहां और सैफ सहित नौ जहाज, तीन जहाजी हेलीकॉप्टर, चार लड़ाकू जेट, एक फिक्स्ड-विंग एंटी-पनडुब्बी गश्ती विमान और दर्जनों मरीन इस अभ्यास में शामिल किये गए हैं। चीनी पनडुब्बी सहित जहाजों की कराची में डॉकिंग नई दिल्ली के लिए चिंता का विषय है।

# सभी को पढ़ने एवं शिक्षा प्राप्त करने का हक: प्रो. वंदना सिंह

## प्राइमरी के बच्चों को कुलपति ने बांटीं कॉपी-किताब सहित खाने-पीने की चीजें

जौनपुर, 16 नवंबर (वेब वार्ता)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गांव जासोपुर के मुसहर बस्ती के बच्चों का गुरुवार को मिशन शक्ति 4.0 के तहत विद्यारम्भ संस्कार कराया गया।

यह विद्यारंभ संस्कार जासोपुर के प्राइमरी विद्यालय में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान बस्ती के बच्चों के साथ-साथ प्राइमरी विद्यालय के बच्चों को भी कॉपी-किताब, पेंसिल बॉक्स सहित खाने-पीने की चीजें उपहार में दी गई। इस मौके पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि शिक्षा हमारे मौलिक अधिकारों में एक है। सभी को पढ़ने एवं शिक्षा प्राप्त करने का पूरा हक है। इसी के तहत गांव के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न हो। मिशन शक्ति की समन्वयक डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने विद्यारम्भ संस्कार के उद्देश्य को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बाल दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की ओर से यह कार्यक्रम किया जा रहा है।

स्वागत श्याम त्रिपाठी ने और किशन जायसवाल धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी उमाशंकर, कुलपति के निजी सचिव डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, रिद्धि दूबे के साथ प्राइमरी विद्यालय के शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

# रांची में ब्लैकमेल कर नाबालिग से दुष्कर्म करता रहा पुलिसकर्मी


रांची, 16 नवंबर (वेब वार्ता)। रांची पुलिस के एक एएसआई (असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर) पर 12 साल की लड़की ने नग्न तस्वीरें खींचकर ब्लैकमेल और दुष्कर्म करने के मामले में सुखदेव नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

लड़की का कहना है कि पुलिसकर्मी उसके माता-पिता की हत्या की धमकी देते हुए उसे चुप रहने पर मजबूर करता रहा और उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पुलिस जांच कर रही है।

आरोपी पुलिसकर्मी का नाम नीरज खोसला है। उसकी तैनात पीसीआर में है। अब तक उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# वैश्विक मत्स्य पालन सम्मेलन 21 और 22 नवंबर को अहमदाबाद में

नई दिल्ली, 16 नवंबर (वेब वार्ता)। मछुआरों, मछली किसानों और हित-धारकों के योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाने और मत्स्य पालन क्षेत्र के सतत और न्यायसंगत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए, मत्स्य पालन विभाग, भारत सरकार विश्व मत्स्य पालन दिवस के अवसर पर वैश्विक मत्स्य पालन सम्मेलन भारत 2023 का आयोजन कर रहा है। दो दिवसीय यह कार्यक्रम 21 और 22 नवंबर को अहमदाबाद के गुजरात साइंस सिटी में %मत्स्य पालन और जलीय कृषि संपदा का जश्न मनाएं% विषय पर आयोजित किया जाएगा।



यह जानकारी केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इस मौके पर उन्होंने भारतीय मत्स्य पालन क्षेत्र को विश्व स्तर पर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने और राष्ट्र निर्माण में मछुआरों और मछुआरा समुदायों के महत्वपूर्ण योगदान के प्रतीक के तौर पर एक कार्यक्रम लोगो का भी अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी तथा सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान मत्स्य पालन विभाग के सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी भी उपस्थित रहे। परषोत्तम रूपाला ने कहा कि भारतीय मत्स्य पालन क्षेत्र ने अंतर्देशीय मछली उत्पादन, निर्यात, जलीय कृषि विशेष रूप से अंतर्देशीय मत्स्य पालन में वृद्धि देखी है, जो केंद्र, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों और सभी क्षेत्रों में लाभार्थियों के संचयी प्रयासों से 70 प्रतिशत से अधिक मछली उत्पादन करता है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्तमान सरकार के दौरान मत्स्य पालन क्षेत्र को महत्व मिला, जिससे मछली उत्पादन और जलीय कृषि क्षेत्र के मामले में महत्वपूर्ण वृद्धि हासिल हुई।

डॉ. एल मुरुगन ने कहा कि मंत्रालय सतत विकास और वैश्विक मत्स्य पालन सम्मेलन भारत 2023 पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो मछुआरों, किसानों, उद्योग, तटीय समुदायों, निर्यातकों, अनुसंधान संस्थानों, निवेशकों, प्रदर्शकों जैसे सभी हितधारकों के लिए एक मंच प्रदान करता है। इससे एक साथ एक मंच पर और प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों और बाजार लिंकेज अवसरों पर विचारों, सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जुड़ सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सम्मेलन में मत्स्य पालन क्षेत्र जैसे सागर परिक्रमा, पीएमएमएसवाई, मत्स्य पालन बुनियादी ढांचे आदि में किए गए विकास और सरकारी पहलों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। गौरतलब है कि मत्स्य पालन को एक उभरता हुआ क्षेत्र माना जाता है और इसमें समाज के कमजोर वर्ग के आर्थिक सशक्तीकरण द्वारा न्यायसंगत और समावेशी विकास लाने की अपार संभावनाएं हैं। वैश्विक मछली उत्पादन में 8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक, दूसरा सबसे बड़ा जलीय कृषि उत्पादक, सबसे बड़ा झींगा उत्पादक और चौथा सबसे बड़ा समुद्री भोजन निर्यातक है। यह देश के 3 करोड़ मछुआरों और मछली किसानों को स्थायी आय और आजीविका प्रदान करने में भी सहायक रहा है।

# 1000 करोड़ यात्रियों के परिवहन की क्षमता विकसित कर रही है भारतीय रेलवे

नई दिल्ली, 16 नवंबर (वेब वार्ता)। भारतीय रेलवे अगले चार साल में ज़ीरो वेटिंग लिस्ट आरक्षण यानी सबको कन्फर्म टिकट उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल कर लेगी और इसके लिए वह वर्ष 2027 तक 3000 नई ट्रेनों को जोड़ कर एक हजार करोड़ यात्रियों की परिवहन क्षमता विकसित करने के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम कर रही है।

रेलवे बोर्ड के सूत्रों ने आज यहां बताया कि भारतीय रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के 450 रैक,हर साल करीब 5500 एलएचबी कोच बन रहे हैं जिनसे पुश-पुल तकनीक वाले अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के करीब सवा दो सौ रैक प्रति वर्ष की दर से रेलवे के नेटवर्क में जोड़ने हैं। इसके अलावा अन्य 1600 से 1700 ट्रेनों को अगले चार से पांच साल में पटरियों पर उतारना है। इसके लिए रेलवे के नेटवर्क की क्षमता का विस्तार किया जा रहा है।

दूसरी, तीसरी एवं चौथी लाइन बिछाने के साथ गाड़ियों की गति बढ़ा कर फेरे बढ़ाने के लिए द्रुत गति से काम किया जा रहा है और इसीलिए रेलवे के पूंजीगत व्यय को 2.41 लाख करोड़ रुपए किया गया है। अगले पांच साल में रेलवे नेटवर्क में करीब 27 से 30 हजार किलोमीटर नई पटरियां बिछ जाएंगीं। सूत्रों ने कहा कि रेलवे ने क्षमता विस्तार के तात्कालिक उपाय के तौर पर दोनों ओर इंजन वाले पुश पुल ट्रेन सेट अमृत भारत एक्सप्रेस के रैक तैयार कराने की योजना बनायी है। सूत्रों ने कहा कि इस समय देश में करीब 69 हजार एलएचबी कोच उपलब्ध हैं।


**IndoStar Home Finance Private Limited**

**Regd. Office:** - Unit No. 305, 3rd Floor, Wing 2/E, Corporate Avenue, Andheri- Ghatkopar Link Road, Chakala, Andheri (East), Mumbai – 400093
**CIN :** U65990MH2016PTC271587 **Tel:** +91 22 45107701
**Email:** connect@indostarhfc.com; **Website:** www.indostarhfc.com

**सूचना**

मास्टर डायरेक्शन- गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-हाउसिंग फाइनेंस कंपनी (रिज़र्व बैंक) निर्देश, 2021 के पैराग्राफ 93 के अनुसार नोटिस दिया गया है कि कंपनी का शाखा कार्यालय **वाणिज्यिक प्लॉट नंबर 47 और 56, ब्लॉक नंबर ए, पुराना निजी बस स्टैंड, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001** पर स्थित है। 15 फरवरी, 2024 के व्यावसायिक समय की समाप्ति से बंद हो जाएगा क्योंकि संचालन स्थित नजदीकी शाखा कार्यालय में स्थानांतरित किया जा रहा है। **के.के. टावर, आराजी नंबर 2751, प्लॉट नंबर 02/2751 और 0112751, तीसरी मंजिल, मिर्ची मंडल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001**। यदि किसी सहायता की आवश्यकता है, तो आप ऊपर बताए अनुसार निकटतम शाखा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या **connect@indostarhfc.com** पर ईमेल भेज सकते हैं।

यह नोटिस कंपनी की वेबसाइट (**www.indostarhfc.com**) पर देखा जा सकता है।

**इंडोस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड** के लिए
एसडी/-
**निधि सदानी**
दिनांक: 16-11-2023 **कंपनी सचिव**


# लोकसभा के महासचिव ने संसद परिसर में हिंदी पखवाड़े का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, 16 नवंबर (वेब वार्ता)। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने गुरुवार को संसद परिसर में हिंदी पखवाड़ा, 2023 का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में लोकसभा सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सिंह ने हिंदी पखवाड़े में आयोजित की जा रही अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अपना नाम दर्ज कराने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के उत्साह की सराहना की। इन प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद, भाषण, टंकण आदि शामिल हैं। सिंह ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रेरणादायक नेतृत्व में लोकसभा सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सिंह ने विशेष रूप से गैर हिंदी भाषी अधिकारियों द्वारा हिंदी सीखने और इसे अपने दैनिक जीवन में उपयोग करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के भी व्यापक एवं उचित प्रयोग का सुझाव दिया। उन्होंने हाल ही में संपन्न पी20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा की गई कड़ी मेहनत की भी प्रशंसा की। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 800 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

# दिल्ली सरकार ने बामनोली भूमि अधिग्रहण संबंधी रिपोर्ट सीबीआई, ईडी को भेजी

नई दिल्ली, 16 नवंबर (वेब वार्ता)। दिल्ली सरकार ने बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार पर ''प्रथम दृष्ट्या मिलीभगत'' का आरोप लगाने वाली अपने सतर्कता मंत्री की रिपोर्ट केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) तथा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भेज दी है। सरकारी सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह दावा किया।

मुख्य सचिव कुमार ने कुछ भी गलत करने से इनकार करने के साथ ही कहा है कि ''निहित स्वार्थों'' के कारण लोग उन पर कीचड़ उछाल रहे हैं। इससे पहले सतर्कता मंत्री आतिशी की 670 पन्नों वाली रिपोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय द्वारा उप राज्यपाल वी के सक्सेना को सौंपी गई। रिपोर्ट में कुमार को पद से हटाने की सिफारिश की गई है और कहा गया कि मामले में 'अनुचित लाभ का स्तर' 897 करोड़ रुपये से अधिक था।

सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंजूरी मिलने के बाद रिपोर्ट को सीबीआई और ईडी के पास भेजा गया। पश्चिम दिल्ली के बामनोली गांव में 19 एकड़ भूमि के अधिग्रहण का मुआवजा 41 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 353 करोड़ रुपये कर दिया गया था लेकिन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सौदे में 'अनुचित लाभ का स्तर' 897 करोड़ रुपये से अधिक था।

सतर्कता मंत्री की रिपोर्ट एक शिकायत के संबंध में की गई जांच पर आधारित है जिसमें आरोप लगाया गया था कि मुख्य सचिव के बेटे को एक ऐसे व्यक्ति ने नियुक्त किया था जो बामनोली में लाभान्वित भूमि मालिकों का रिश्तेदार था।


**एआरटी हाउसिंग फाइनांस (इंडिया) लिमिटेड**
(पूर्व मे एआरटी एफॉर्डेबल हाउसिंग फाइनांस (इंडिया) लिमिटेड विदित)
पंजी. कार्यालय: 107, प्रथम तल, बेस्ट स्काई टावर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034
शाखा कार्यालय: 49, उद्योग विहार, फेज 4, गुरुग्राम, हरियाणा - 122015

परिशिष्ट - IV [देखें नियम 8 (1)]
**कब्जा सूचना**
(अचल सम्पत्ति के लिये)

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत एआरटी हाउसिंग फाइनांस (इंडिया) लिमिटेड [CIN NO. U65999DL2013PLC255432] के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना प्रत्येक खाता के समक्ष नीचे वर्णित तिथि को जारी कर संबंधित ऋणधारकों को सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में प्रत्येक खाता के समक्ष वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक, इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रत्येक खाता के समक्ष वर्णित तिथि को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय नीचे वर्णित राशि तथा ऋण अनुबंध के अनुसार उस पर ब्याज के लिये एआरटी हाउसिंग फाइनांस (इंडिया) लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट जाती है।

| क्र. सं. | ऋण अनुबंध सं./ ऋणधारक/सह-ऋण धारक/गारंटर का नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | प्रतीकात्मक कब्जा लेने की तिथि | गिरवी रखी गई सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LNJPR02718 - 190005664 और LNJPR02718 - 190006249 श्री जय प्रकाश पथनी और श्री वासुदेव पथनी एवं श्रीमती पूनम देवी पथनी | 06.09.2023 के लिए रू.12,93,603/- | 14.11.2023 | प्लॉट नंबर 5-ए-5, माप 50 वर्ग गज, स्कीमभैरू नगर, खसरा नं. 90, ग्राम जयसिंह पुरा खोर, जयपुर राजस्थान जो निम्नानुसार घिरा हुआ है। |
| 2. | LNSKR04018- 190006293 श्री मोहम्मद नदीम और श्रीमती नसरीन बनो | 06.09.2023 के लिए रू.24,94,456/- | 14.11.2023 | संपत्ति/फ्लैट नं. - 305 (बिना छत के तीसरी मंजिल), क्षेत्रफल 1010.00 वर्ग फीट, औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर रोड, सीकर तहसील और जिला सीकर (राजस्थान) के सामने "जयपुर रोड हाईट्स" पर स्थित है, जो निम्नानुसार घिरा हुआ है। |
| 3. | LNBSR01518 - 190006333 श्री ओम प्रकाश छीपी और श्रीमती ज्योति देवी और ब्रिज मोहन छिप्पी | 06.09.2023 के लिए रू. 8,90,627/- | 14.11.2023 | संपत्ति पट्टा संख्या 43 है, जो गांव-फतेहपुर, पंचायत-मोठूका, तहसील- बानसूर, जिला-अलवर, राजस्थान- 301402 (माप 84.44 वर्ग गज) पर स्थित है, जो निम्नानुसार घिरा हुआ है। |
| 4. | LNKOT00118- 190004676 और LNKOT00118- 190005430 श्री पप्पू लाल बैरवा एवं श्रीमती बसंती बाई और श्री जगदीश बैरवा | 06.09.2023 के लिए रू. 8,31,102/- | 14.11.2023 | संपत्ति सर्वेक्षण नं. 515, हरिओम नगर, कच्ची बस्ती, कोटा, राजस्थान, जो निम्नानुसार घिरा हुआ है। |

तिथि : 14.11.2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : राजस्थान — एआरटी हाउसिंग फाइनांस (इंडिया) लिमिटेड







स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित किया जाता है। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेल: **yuvrajsinghh@gmail.com**